कठिनाईयां सामने आती हैं, उन्हें राज्य सरकारों के ध्यान में लाया जाता है। इसके अलावा इस विभाग ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण और विकास संबंधी सेवाओं के संकेन्द्रण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों ने विभिन्न सेवाओं का संकेन्द्रण आंगनवाड़ी केन्द्रों में किए जाने के लिए राज्य सरकारों में स्थित अपने प्रतिरूपी विभागों को दिशानिर्देश जारी किए हैं।

उत्तर प्रदेश में 'आपरेशन ब्लैकबोर्ड' की प्रगति

2886. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में 'आपरेशन ब्लैक बोर्ड स्कीम' को कार्यान्वित नहीं किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) इस प्रयोजन हेतु उत्तर प्रदेश के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई थी; और

(घ) पिछले वर्ष के लक्ष्य को कितना पूरा किया गया है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) और (घ) अभी तक उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आने वाले 65388 स्कूलों में आपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना के तीन चरणों को संस्वीकृति दी गई है। इस योजना के कार्यान्वयन की प्रगति निम्नवत् है:—

(i) उपस्कर:

मुक्त की गई राशि	प्रयुक्त की गई राशि
49,56,22,000 रुपए	43,06,93,000 रुपए (86.90%)

(ii) शिक्षक: नियुक्त किए गए शिक्षकों की संख्या

7224	7224 (100%)

(iii) निर्माण:

उन कक्षा-कक्षों की सं॰ जिनके निर्माण की जरूरत है।	निर्मित कक्षा-कक्षों की सं॰
22300	20140 (90.31%)

ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए आरक्षण

2887. **श्री राम सिंह राठवा:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए इंजीनियरी और मेडिकल कालेजों में कुछ सीटें आरक्षित कर देने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

जयपुर के समीप वेधशाला की खोज

2888. **डा॰ बापू कालदाते:**
कुमारी सोरज खापर्डे:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि जयपुर के समीप 15वीं शताब्दी की वेधशाला के अवशेष मिले हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार समूचे क्षेत्र का सर्वेक्षण कराने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उप मंत्री) (कुमारी शैलजा):

(क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

राष्ट्रीय पुस्तक नीति

2889. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने राष्ट्रीय पुस्तक नीति बनाने के लिए कोई समिति गठित की थी;

(ख) यदि हां, तो उक्त समिति का गठन कब किया गया था; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार क्या कदम

उठाने का विचार रखती है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उपमंत्री) (कुमारी शैलजा):

(क) से (ग) राष्ट्रीय पुस्तक विकास परिषद द्वारा 1985 में स्थापित कार्यदल की रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया था कि राष्ट्रीय पुस्तक नीति में विशिष्ट लक्ष्यों व उद्देश्यों का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए। 1992 में यथा संशोधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के पैरा 8.8 व 8.9 में पुस्तकों व पुस्तकालयों के संबंध में नीति निर्दिष्ट की गई है।

सम्राट अकबर का जन्म दिवस समारोह

2890. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री 10 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 307 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मुगल सम्राट अकबर का जन्म दिवस समारोह कब तक मनाये जाने की संभावना है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उपमंत्री) (कुमारी शैलजा):

(क) सम्राट अकबर का 450वां जन्मदिवस समारोह 1993-94 में मनाये जाने का प्रस्ताव है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Open University in Bihar

2891. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to the answer to UnStarred Question 839 given in the Rajya Sabha on the 27th November, 1992 and state:

(a) whether it is a fact that Government have decided to give boost to the open education system during the Eighth Plan period in the country;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) whether Government propose to establish another open university in educationally backward State of Bihar during the above said plan period; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) and (b) The open Learning System falls within the purview of the thrust areas of the Eighth Plan.

The National Policy on Education (NPE) 1986 as modified in 1992 envisages the strengthening of the Indira Gandhi National Open University (IGNOU) and establishment of more State Open Universities. It also envisages the strengthening of the National Open School (NOS) and extension of Open Learning facilities in a phased manner at the secondary level in all parts of the country.

IGNOU's major thrust would be on introduction of non-traditional employment oriented courses, strengthening of its student support services and imporvement of correspondence education. In pursuance of its role as a national apex body for promotion, coordination and determination of standards in distance education, IGNOU has set up a Distance Education Council (DEC) as a Statutory authority of the University. As specified in the IGNOU Act and as reiterated in